
# गांव-गांव समस्याएं सुनेंगे, करेंगे समाधान : विधायक






**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 12 अप्रैल।** भाजपा ग्रामीण मंडल इंदरगढ़ द्वारा गाँव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम खिरका कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल सम्मिलित हुये। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष प्रवीण गौर, जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता गब्बर सिंह रावत, रघुनाथ सिंह कमरिया, पंचम सिंह रावत, रामबहादुर सिंह गुर्जर, भूपेंन्द सिंह कमरिया, गिरवर सिंह कमरिया, अजमेर सिंह गुर्जर, कप्तान कोरी, वीरेन्द्र रावत, उदय सिंह रावत, जितेंद्र रावत, अमर सिंह सैन, राजकुमार परिहार, बलवीर कुशवाहा, रमाशंकर पाठक, बबलू चौहान, रतेंद रावत, मुबारक खां के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तदुपरांत मंडल अध्यक्ष ने विधायक एवं उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में रही कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजो की सरकार की भांति शासन किया, जिसमें न तो कोई विकास हुआ न ही किसी की समस्याएं सुनी फलस्वरूप देश की प्रगति नहीं हुई गांव में सड़क पानी बिजली शिक्षा स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवायें न होने से आमजन का जनजीवन अस्त व्यस्त रहा।

जैसे ही भाजपा सरकार देश में आई एक के बाद एक सैंकडों योजनायें हमारी भाजपा सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री अटल जी एवं मोदी के द्वारा जनहित में बनाई गई जिनका लाभ जन-जन तक पहुँच रहा है, अब हम लोग इस अभियान के माध्यम से गांव गांव जाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ लोगों की जनहित की समस्याएं सुनेंगे और उनका समयसीमा में निराकरण करेंगे तभी अभियान सफल होगा। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर निराकरण किया। कार्यक्रम का संचालन कालीचरण राजपूत ने किया।

### सेवढ़ा में गांव चलो बस्ती चलो अभियान



**दतिया, 12 अप्रैल।** सेवढ़ा नगर में मंगल भवन साहनीपुरा पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल सेवड़ा द्वारा गांव चलो, बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल सम्मिलित हुये। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अवधेश सिंह गुर्जर अंजू शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश गुप्ता द्वारा किया गया, आभार दीपक जाटव के द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी लोगों द्वारा अयोध्या बस्ती में जाकर अभियान की शुरुआत की यहाँ बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा विधायक एवं समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया।

# सेंवढ़ा में शिक्षकों का जंगी प्रदर्शन, रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**सेंवढ़ा,12 अप्रैल।** टीईटी अनिवार्यता और सेवा गणना के मुद्दे को लेकर सेंवढ़ा में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 13 संगठनों से जुड़े सैकड़ों शिक्षक सड़कों पर उतर आए। कृषि उपज मंडी से शुरू हुई करीब एक किलोमीटर लंबी रैली में शिक्षक हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए निकले और आमजन से अपने मुद्दों पर सहयोग की अपील की। रैली तहसील पहुंचकर समाप्त हुई, जहां महिला शिक्षकों की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया।

रैली के दौरान शिक्षकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षक एकजुट होकर सड़कों पर उतरे। सदर बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में रैली के दौरान स्थानीय लोगों ने भी समर्थन जताया, वहीं जलपान की व्यवस्था भी की गई। पंचायत सचिवों ने भी रैली में शामिल शिक्षकों का स्वागत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान बाजार में कई महिला शिक्षकों ने भी अपने उद्बोधन के माध्यम से सरकार से अपील की। वहीं तहसील में नारेबाजी के अलावा शिक्षक पदाधिकारी ने अपने-अपने उद्बोधन दिए। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले महाधरना में बड़ी संख्या में शिक्षक सेंवढ़ा से भी शामिल होंगे, जिसके लिए सामूहिक रूप से रवाना होने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर प्रदीप श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अशोक पुरी, भागवत दांगी, विश्वास भोड़ेले, इसरार खान, भावेश वर्मा, गुलाब जाटव, राममोहन गुप्ता, हरिमोहन जाटव, छक्की लाल अहिरवार, राम यादव, मनीष पिरानिया, रीता राजपूत, शिवजी शरण राजपूत, नीरजा सेंगर, रेखा कौरव, रामजी खरे, संजय शर्मा, बृजेश बादल, हरविलास राजपूत, अरविंद यादव, धीरेंद्र गुर्जर, पुष्पेंद्र निरंजन, केशव सिंह राजपूत, रीता खरे आदि में शिक्षकों को संबोधित किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# ऑटो में हुई वृद्ध से लूट का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

**आरोपी गिरफ्तार**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया,12 अप्रैल।** दतिया में विगत दिनों ऑटो में हुई वृद्ध व्यक्ति से लूट का कोतवाली थाना पुलिस ने किया खुलाशा टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल 26 को आवेदक राजाराम वंशकार पुत्र मज्जू वंशकार निवासी ग्राम बहादरपुर थाना सिविल लाईन दतिया द्वारा एक आवेदन दिया उसने बताया कि ऑटो मैं बैठे दो अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी कुर्ते की जेब से सोने- चाँदी के जेवरात व आधार कार्ड झपटकर ले गया। मामले की गंभीरता को लेते हुए अज्ञात आरोपीयों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना पाया जान टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के द्वारा शहर मे लगे आम रास्तो व मुख्य मार्गो के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला कर रूट मैप तैयार किया गया। जानकारी मिली की उक्त अज्ञात आरोपी घटना 2 अप्रैल 26 को फरियादी के साथ घटना को अंजाम देकर मौके से जिला झासी उत्तर प्रदेश की ओर फरार हो गये। बाद टीम के द्वारा संदेही जीतेन्द्र अहिवार पुत्र मंगल सिह अहिरवार निवासी प्रेमनगर झांसी व राहुल साहू पुत्र शंकर साहू निवासी शिवानी होटल के पीछे मस्जिद के पास पाल कॉलोनी झांसी को चिन्हित कर ठिकानों पर दंबिश देकर पकडा गया। पूछताछ में आरोपियों ने आटो से अपने साथियो के साथ धूमना,झपटा मारी व लूट की घटना को कारित करना स्वीकार किया।

दोनों आरोपियों के जिला झांसी मे पूर्व से कई मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त आटो व फरियादी आधार कार्ड व नगदी बरामद हुई है।प्रकरण के शेष फरार आरोपी व शेष माल की तलाश टीम द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारशुदा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 15 से

**दतिया, 12 अप्रैल।** जिला आपूर्ति अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेंहूँ का उपार्जन शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस 40 रूपये की दर पर निर्धरित अवधि 15 अप्रैल 2026 से किया जाना है। जिले के समस्त कृषक अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र पर अपनी गेहूं की फसल विक्रय करने हेतु स्टॉट बुक कर अपनी फसल कर विक्रय कर सकते है, जिस हेतु कृषकों को स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपार्जन प्रारंभ के लगभग एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध रहेगी। पंजीकृत किसान स्वयं के मोबाईल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा गारंटी, इंटरनेट कैफे आदि से स्लॉट बुक कर सकते हे। स्लॉट बुकिंग की वैधता 7 दिवस रहेगी। कृषक को अपनी उपज एक बार में ही स्लॉट बुक कर विक्रय करनी होगी।

# किसानों के लिए टोकन जनरेशन का समय तय

**नवभारत न्यूज**
**दतिया,12 अप्रैल।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देशन पर उपसंचालक किसान कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी कृषक भाईयों के लिए ई-विकास पोर्टल पर खरीफ फसल वर्ष 2026-27 हेतु उर्वरक टोकन बुकिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिन कृषकों को खरीफ फसल के लिए उर्वरक की आवश्यकता है, वे ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरक टोकन बुक कर सकते है।

सभी कृषकों का एग्री स्टैक पोर्टल के माध्यम से फार्मर आईडी बनी होना चाहिए। सिकमी ठेकेदार/बटाईदार किसान जो भूमि-स्वामी नहीं है वे अपने भूमि-स्वामी की अनुमति से एग्री स्टैक पोर्टल के माध्यम से अधिक प्रतिनिधि किसान बनकर ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक बुक कर सकते है।

वन पटटाधारी किसानों के लिए ई-विकास पोर्टल पर अनुविभागीय अधिकारी के सत्यापन के उपरांत ई-विकास पोर्टल से उर्वरक प्राप्त कर सकते है। मृत किसान तथा शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्व किसानों हेतु उर्वरक व्यवस्था ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली में मृत किसानों जिनकी भूमि का नामांतरण लंबित है एवं शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्व किसानों के लिए उर्वरक प्राप्त करने के संबध में पोर्टल पर सुविधा विकसित की गई है।

संयुक्त खाता धारक कृषकों हेतु उर्वरक प्राप्त की प्रक्रिया संयुक्त खाताधारी कृषकों जिनमें से एक का अधिक सदस्य किसी अन्य शहर में अथवा देश से बाहर रहते हैं, जिसके कारण उनका आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त करना संभव नहीं हो पाता है, ऐसे किसानों अथवा संयुक्त खाता धारकों में से एक किसान को नामांकित करने के लिए ई-विकास पोर्टल में सुविधा विकसित की गई है।

## नवनियुक्त सफाई कामगार प्रकोष्ठ एवं कौमी एकता सद्भावना प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों का स्वागत

**दतिया, 12 अप्रैल।** रविवार को जवाहर भवन जिला कांग्रेस कार्यालय पर बृजमोहन सोनी ने कांग्रेस की सदस्यता ली कांग्रेस को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने अमरीश बाल्मीकि और सीएम अहिरवार जिलाध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। जिलाध्यक्षों कहा कि तत्काल अपनी कार्यकारिणी बना कर कांग्रेस में नये युवा साथियों को कांग्रेस में जोड़ेगे जिससे कांग्रेस मजबूत हो और इस अवसर पर संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर रामकुमार मोंगिया काले खां आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बड़ी ट्रालियों में ओवर लोडिंग माल ढुलाई, ट्रक ऑपरेटरों में नाराजगी

**दतिया, 12 अप्रैल।** दतिया कृषि उपज मंडी में इन दिनों अवैध ओवरलोडिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। आरोप है कि यहां गैर- व्यावसायिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से नियमों को ताक पर रखकर भारी मात्रा में माल ढोया जा रहा है, जिससे ट्रक संचालकों को सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के मुताबिक मंडी में बड़ी-बड़ी ट्रॉलियां लगाकर एक ट्रैक्टर से करीब 20 टन तक माल परिवहन किया जा रहा है, जबकि यह क्षमता 12 चक्का ट्रक की होती है। नियमों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग सीमित भार और स्थानीय परिवहन तक ही मान्य है,लेकिन यहां इनका व्यावसायिक इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है।एसोसिएशन का आरोप है कि इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ट्रक ऑपरेटरों के काम पर असर पड़ रहा है और उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।मामले में यातायात थाना प्रभारी सपना शर्मा का कहना है कि अवैध ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, निकाह 20 को

**दतिया, 12 जुलाई।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का सम्मेलन 20 अप्रैल 2026 को नगर पालिका परिषद दतिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका परिषद दतिया के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# परशुराम चल समारोह को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,12 अप्रैल।** ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिस पर कई विषयों पर चर्चा की गई है जिसमें वरिष्ठ ब्राह्मणों द्वारा निर्णय लिया गया भगवान परशुराम जयंती का चल समारोह 25 अप्रैल को निकाला जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेगें। अगली बैठक 13 तारीख को होगी जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

बैठक में उपस्थित ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कालका प्रसाद दुबे. कमलकांत शर्मा, सनत पुरोहित, विजय झंडा गुरु, दिनेश शर्मा, राहुल पुरोहित, बृजमोहन शर्मा, सानू मिश्रा ,संग्राम बिरथरिया , पार्षद बृजेश दुबे, पार्षद कानू तिवारी, पार्षद अक्कू दुबे, रमाकांत मिश्रा ,कपिल त्रिपाठी, हर्षित त्रिपाठी, मनोज गोस्वामी, कुंज बिहारी गोस्वामी, रिंकू तिवारी, राम तिवारी, आशु शर्मा, आशुतोष तिवारी, रूद्र शर्मा, विशाल समाधिया, कमलेश चौबे, अमन पटेल, धर्मेंद्र शर्मा, अमन मिश्रा, विशाल तिवारी, बृजमोहन चौबे, गौरव मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, राहुल भार्गव, अमितत्रिपाठी, रवि शर्मा, मुन्नू दीक्षित, शिवम दुबे, अभिषेक बबेले,तुषार द्विवेदी, कृष्णा दुबे, विवेक दुबे, धीरज चौबे, कृष्ण शर्मा, अनिल शर्मा, रितिक शर्मा, सुनील शर्मा, मनीष मिश्रा, शिवाजी शर्मा, प्रशांत पांडे, मनमोहन पाठक, शिवम व्यास, गौरव पांडे, मनीराम शर्मा, दीपक शर्मा, दीपक तिवारी। समस्त ब्राह्मण भाई उपस्थित रहे।

## हरदौल लीला एवं कुंजा भात की शानदार प्रस्तुति



**दतिया/खूजा, 12 अप्रैल।** पंडोखर सरकार धाम में आयोजित 30वें पंडोखर सरकार धाम महोत्सव एवं श्री राम महायज के अंतर्गत शनिवार की रात्रि सांस्कृतिक मंच पर भक्ति और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान दीपशिखा मंच एंड ग्रुप द्वारा हरदौल लीला एवं कुंजा भात की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई. जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश लिटोरिया शैलेन्द्र बुधौलिया द्वारा किया गया। कलाकारों ने अपनी सजीव अभिनय शैली और पारंपरिक संगीत के माध्यम से बुंदेलखंड की लोक परंपराओं को जीवंत कर दिया। हरदौल लीला के प्रसंगों को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया, वहीं कुंजा भात की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भक्ति एवं उत्सव का माहौल बना हुआ। इसके बाद हाथीवान बाबा बरहा सरकार श्री रामलीला मंडल द्वारा राम दरबार की आरती उपरांत रामलीला मंच से नगर अवलोकन एवं पुष्प वाटिका लीला का मंचन किया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए पूर्व विधायक

**दतिया, 12 अप्रैल।** धर्म से जुड़कर ही व्यक्ति अपना और अपने परिवार का कल्याण कर सकता है। वर्तमान समय में धर्म ही व्यक्ति का एकमात्र सहारा है, आपके ग्राम बेरछा में श्रीमद् भागवत कथा की ज्ञान रूपी गंगा बह रही है, मुझे विश्वास है की ज्ञान रूपी गंगा से आप लोगों को कुछ ना कुछ तो अवश्य लाभ होगा। वर्तमान समय में लोगों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव आया है, सुख समृद्धि बढ़ती जा रही है इसके साथ-साथ मन् का विकास होना भी बहुत जरूरी है, यदि हम अच्छे इंसान न बन पाए तो समृद्धि का कोई अर्थ नहीं हैं। आज मन पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है।

हम अच्छे काम करें, धर्म के मार्ग पर चलें, संतों, गुरुजनों, माता-पिता का सम्मान करें, बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार दें, यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम बेरछा में पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक सिंह परिहार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए। कार्यक्रम के आरंभ में श्री सिंह ने श्रीमद् भागवत गीता कथा व्यास श्री पदम् नारायण दिबोलिया जी महाराज को पुष्पहार पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## शिक्षक संगठनों ने पूर्व विधायक पिरौनिया को सौंपा ज्ञापन

**दतिया, 12 अप्रैल।** मध्य प्रदेश राज्य शिक्षक संघ सहित अनेक शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम पिरौनिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शिक्षक संगठनों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपके मांग पत्र को मुख्यमंत्री को पहुंचाकर हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्री पिरोनिया ने भांडेर नगर के रघुनाथ मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बैठक में शामिल होकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रूपेश पंसारी ने की।

## अक्षय शर्मा का म .प्र . प्रीमियम आईपीएल लीग में हुआ चयन



**दतिया, 12 अप्रैल।** अक्षय शर्मा का मध्यप्रदेश प्रीमियम आईपीएल लीग में हुआ चयन। जबलपुर रॉयल लाइंस ने एक लाख 20 हजार में खरीदा। इंदौर में मध्यप्रदेश आईपीएल के लिए 122 खिलाड़ियों की लगाई गई थी बोली। जिसमे दतिया के होनहार खिलाडी अक्षय का भी हुआ चयन। इंदौर और ग्वालियर के इंटरनेशनल ग्राउंड पर शर्मा जबलपुर टीम की तरफ से खेलेंगे सभी मुकाबले। खेल प्रेमियों में खुशी की लहर। अक्षय के पिता मध्यप्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर 29 भी बटालियन में रहे पदस्थ। अभी जिला निवाड़ी में दे रहे अपनी सेवाएं।



## भाजपा सरकार में सर्वहारा वर्ग का हुआ विकास : पं . दिनेश

**उन्नाव, 12 अप्रैल।** क्षेत्र के ग्राम तगा मैं भारतीय जनता पार्टी का गांव चलो बस्ती चलो अभियान में मंडल अध्यक्ष दिनेश घरावा ने बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सर्वहारा वर्ग के विकास के लिए कृत संकल्पित है पर अवशोष हमने जिस व्यक्ति को भाण्डेर का एमएलए बनाया वह लगातार हमारे देवी देवताओं का हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का देश की आधी आबादी का खुलेआम अपमान करते हैं कभी कोई विकास की बात नहीं करते बल्कि समाज को समाज से लडाने में विश्वास रखते हैं जबकि भाजपा में सबको आगे बढ़ने की आजादी है। इस अवसर पर भाजपा नेता रामजी पटेल हेमंत यादव शिवलाल पाल लखखू कुशवाहा प्रभु कुशवाहा भरत परिहार सेक्रेटरी राहुल पाल कमलेश शर्मा कामता कुशवाहा सरनामपल धर्मपाल रोहित रजक विजय रजक संजीव राजपूत मोहित अहिरवार रोहित अहिरवार जर्दन अहिरवार सचिन पाल आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# गहोई वैश्य समाज महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 12 अप्रैल।** महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह गहोई वैश्य धर्मशाला पर संपन्न किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गंधी विशिष्ट अतिथि चंबल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष श्री राजीव सेठ चंबल क्षेत्रीय सभा की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपी चउदा मंत्री श्रीमती रिचा छिरौल्या कोषाध्यक्ष श्रीमती बेबी रेजा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अध्यक्ष श्रीमती करुणा काजू नीखरा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सेंवढ़ा श्रीमती रजनी नरेश कुचिया वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती रजनी बिजपुरिया उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई समाज इंदरगढ़ के अध्यक्ष रामप्रकाश द्वारा की गई कार्यक्रम का सफल संचालन चंबल क्षेत्रीय गहोई वैश्य नवयुवक मंडल के अध्यक्ष धीरज कुचिया द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया एवं श्रीमती रिचा छिरौल्या द्वारा सामूहिक रूप से गहोई गीत का वचन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महिला मंडल इंदरगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती वंदना करेले मंत्री श्रीमती निशा बिजपुरिया कोषाध्यक्ष श्रीमती साधना कुचिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गंधी ने शपथ दिलाई एवं उनकी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को चंबल क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती दीपी चउदा मंत्री श्रीमती रिचा छिरौल्या द्वारा सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने-अपने विचार महिला सशक्तिकरण एवं गहोई एकता तथा सामाजिक समरसता पर व्यक्त किए एवं समाज सेवा हेतु महिलाओं को आगे आने हेतु प्रेरित किया एवं अपने परिवार एवं आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार प्रदान किए जाने की बात कही इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राहुल हुंका गहोई समाज इंदरगढ़ के नव युवक मंडल अध्यक्ष श्री रोहित रेजा सहित समाज की समस्त महिलाएं पदाधिकारी एवं समाज बंधु उपस्थित रहे कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम के आयोजक मनोज कुरेले शिक्षक द्वारा सभी को सहभोज कराया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की

## विश्वजीत को यूपीएससी में चयनित होने पर किया सम्मान

**दतिया, 12 अप्रैल।** हाल ही में यूपीएससी परीक्षा में 67 वीं रैंक प्राप्त करने वाले होनहार छात्र विश्वजीत गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता शिक्षक ने की परीक्षा मे 67 वीं रैंक प्राप्त कर सम्पूर्ण वैश्य समाज ही नही पूरे दतिया और प्रदेश का नाम रोशन किया है व यूपीएससी में चयनित छात्र विश्वजीत का प्रदेश के लोकप्रिय समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक भैया अभय गुप्ता नेताजी के नेतृत्व में दतिया निवास पर पहुंचकर चयनित छात्र विश्वजीत का माल्यार्पण कर श्रीफल व माई का चित्र भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा गहोई सेना दतिया के सदस्य अमन नगरिया,निशांत गुप्ता व रामू रावत आदि युवा व परिवारजन उपस्थित रहे।



## नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित

**दतिया, 12 अप्रैल।** जिला स्तरीय निरूशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर वृद्धाश्रम, रामनगर कॉलोनी में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर में सिविल सर्जन एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. के.सी. राठौर ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों सहित जिले भर से आए सैकड़ों नेत्र रोगियों की विस्तृत जांच की। उन्होंने प्रत्येक मरीज को उचित परामर्श, दवाइयों की सलाह और आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही चिन्हित मरीजों के नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का भी पूर्ण प्रबंध किया गया।